...गए हैं। (ब्यूरो)

# शतरंज में डीपीएस आजादनगर ने जीती ट्रॉफी

कानपुर। खलासी लाइन स्थित एलेन हाउस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हुई केएसएस अंतर-विद्यालयीय (जोन-बी) सीनियर बालक शतरंज प्रतियोगिता में डीपीएस आजादनगर ने ट्रॉफी जीती। डीपीएस आजाद नगर ने 10 अंक के साथ खिताब जीता। डीपीएस कल्याणपुर आठ अंकों के साथ दूसरे और द चिंटल स्कूल कल्याणपुर छह अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर के शुभ गुप्ता, युगम इंटरनेशनल के आद्विक कटियार, सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के हरजी सिंह, पं. दीनदयाल स्कूल के अरिहंत राजपूत के अलावा कबीर चंद्रवंशी को विशेष ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। (संवाद)